# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

**बैठक दिनांक 16.02.2021 का कार्यवृत्त**

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के परिसरों/सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों/संस्थानों में समस्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (Regular Courses) में शैक्षणिक सत्र 2020-21 से च्वाईस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम (CBCS) प्रणाली लागू किये जाने हेतु पाठ्यक्रमों का अध्यादेश (Ordinances) लागू किये जाने हेतु बैठक आज दिनांक 16.02.2021 को पूर्वान्ह 11:30 बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में सम्पादित की गयी, बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे -

1. प्रो0 आर0 के0 पाण्डे,
   संकायाध्यक्ष, कला संकाय,
   डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल।
2. प्रो0 ए0 बी0 मेलकानी,
   संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय,
   डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल।
3. प्रो0 अतुल जोशी,
   संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय,
   डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल।
4. परीक्षा नियन्त्रक,
   कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
5. प्रो0 जीत राम,
   वन विज्ञान विभाग,
   डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल
6. प्रो0 संजय पन्त,
   निदेशक, डी0 आई0 सी0,
   कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
7. प्रो0 प्रदीप गोस्वामी,
   भू-विज्ञान विभाग,
   डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल

**समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत् निर्णय लिये गये -**

1. माननीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 27.07.2020 के क्रम में परिसरों/सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों/संस्थानों में समस्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (Regular Courses) में शैक्षणिक सत्र 2020-21 से च्वाईस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम (CBCS) प्रणाली लागू किये जाने हेतु पाठ्यक्रमों का अध्यादेश (Ordinances) तैयार किये जाने हेतु निम्नांकित समिति का गठन किया गया था -

   1. प्रो0 जीत राम, वन विज्ञान विभाग, डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल - अध्यक्ष
   2. प्रो0 संजय पन्त, निदेशक, डी0 आई0 सी0, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल - सदस्य
   3. प्रो0 प्रदीप गोस्वामी, भू-विज्ञान विभाग, डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल - सदस्य

   समिति द्वारा पाठ्यक्रमों का अध्यादेश (Ordinances) निर्मित कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा अध्यादेश (Ordinances) का गहन अवलोकन करने के उपरान्त उक्त अध्यादेश को सत्र 2020-21 से स्नातकोत्तर स्तर पर लागू किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

2. शैक्षणिक सत्र 2019-20 से कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों में वार्षिक प्रणाली लागू की जा चुकी है तथा इन महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2018-19 में सेमेस्टर प्रणाली में प्रवेशित लगभग 1700 विद्यार्थी जो कि तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गये थे अथवा जिन्होंने द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त 01 वर्ष का Gap किया गया है, के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय

Approved in anticipation of approval of statutory bodies.
16/2/2021

16/02/2021

16.02 16.2.2021 16/2/2021 16/2/2021

लिया गया कि ऐसे विद्यार्थी अपने-अपने महाविद्यालय/संस्थान में ही सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत ही अध्ययन करेंगे और इन विद्यार्थियों की परीक्षायें सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत ही सम्पादित कराये जाने का निर्णय लिया गया।

3. प्राचार्य, एम0 बी0 पी0 जी0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हल्द्वानी के पत्र सं0 931, दिनांक 05.02.2021 जो कि व्यवसायिक पाठ्यक्रम M. A. Yoga के प्रवेश नियम के सन्दर्भ में है के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रवेश नियम 2020 के नियम सं0 1-16 (ग) को निम्नवत् संशोधित किया जाये -

*"व्यवसायिक कक्षाओं में प्रवेश हेतु -*
*प्रवेश नियमों के अन्तर्गत रहते हुए किसी भी विद्यार्थी को अर्हता पाठ्यक्रम की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त -*
*1. अभ्यर्थी को स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश अनुमन्य होगा किन्तु विद्यार्थी को प्रवेश योग्यता सूची के आधार पर व कक्षा में स्थान रिक्त होने पर दिये जायेंगे (योग्यता सूची तैयार किये जाने हेतु प्रत्येक वर्ष के लिये विद्यार्थी की अर्हता पाठ्यक्रम की परीक्षा के प्राप्तांकों में से 05 प्रतिशत अंक कम किये जायेंगे।)*
*2. स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रथम बार प्रवेश लेने की तिथि से स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर (बी0 एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार N+2 वर्षों की अवधि के अन्तर्गत ही अनुमन्य होगा। यहाँ पर N (वर्ष) पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित न्यूनतम अवधि है।*
*3. बी0 एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की तिथि से अधिकतम 03 वर्ष (06 सेमेस्टर - N+1) का अध्ययनकाल ही अनुमन्य होगा। यहाँ पर N (वर्ष) पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित न्यूनतम अवधि है।"*

4. परीक्षा के सन्दर्भ में समिति द्वारा निम्नांकित निर्णय भी लिये गये -
क. स्नातक तृतीय व पंचम सेमेस्टर की कक्षाओं की परीक्षायें दिनांक 08 मार्च, 2021 से प्रारम्भ की जायेगी।
ख. स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षायें दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से प्रारम्भ की जायेगी।
ग. स्नातकोत्तर प्रथम/तृतीय सेमेस्टर की परीक्षायें दिनांक 12 अप्रैल, 2021 से प्रारम्भ की जायेगी।
घ. वार्षिक पद्धति (जहाँ लागू हो) की परीक्षायें दिनांक 24 मई, 2021 से प्रारम्भ की जायेगी।

5. समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि समस्त आन्तरिक परीक्षाओं के अंक लिखित परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये जाने अनिवार्य होंगे।

6. प्रायोगिक परीक्षाओं के समस्त अंक अन्तिम परीक्षा की समाप्ति के 10 दिवसों के भीतर विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये जाने अनिवार्य होंगे।

16/2/2021
प्रो0 आर0 के0 पाण्डे,
संकायाध्यक्ष, कला संकाय,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

16.02.2021
प्रो0 ए0 बी0 मेलकानी,
संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

प्रो0 अतुल जोशी,
संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

Approved Sl No 2 to 6.

प्रो0 एच0 सी0 एस0 बिष्ट,
परीक्षा नियन्त्रक,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

16/2/2021
प्रो0 जीत राम,
वन विज्ञान विभाग
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

16/2/2021

16/02/2021
प्रो0 संजय पन्त,
निदेशक, डी0 आई0 सी0,
कोर्डिनेटर प्रवेश एवं प्रवेश परीक्षा

16.2.2021
प्रो0 प्रदीप गोस्वामी,
भू-विज्ञान विभाग,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल